मध्यप्रदेश शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

क्र./6597/एनआरईजीएस–म.प्र./एनआर–2 /स्था/16 भोपाल दिनांक 22/07/16

प्रति,

कलेक्टर/जिला कार्यक्रम समन्वयक
मुख्य कार्यपालन अधिकारी/अति0जिला कार्यक्रम समन्वयक,
जिला/जिला पंचायत .... (समस्त)
मध्यप्रदेश

विषय :– ग्राम रोजगार सहायक हेतु मेप आईटी द्वारा ली जाने वाली परीक्षा कम्प्यूटर प्रोफिसिएंसी सर्टिफिकेशन टेस्ट (CPCT) उत्तीर्ण होने विषयक।

संदर्भ :– परिषद के पत्र क्र. 5335 दिनांक 2.6.12

विषयांतर्गत लेख है कि मनरेगा योजनांतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम रोजगार सहायक (संविदा) का 01 पद स्वीकृत है। परिषद के पत्र क्र. 5335 दिनांक 2.6.12 द्वारा ग्राम रोजगार सहायक की नियुक्ति हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये थे। उक्त निर्देशों की कंडिका 4 (अ) 3 में अनिवार्य अर्हताऐं दी गई है। उक्त अर्हताओं में कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा हेतु मेप आईटी द्वारा संचालित परीक्षा कम्प्यूटर प्रोफिसिएंसी सर्टिफिकेशन टेस्ट (CPCT) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, को जोड़ा जाता है।

अतः भविष्य में नवीन ग्राम रोजगार सहायक की नियुक्ति हेतु उक्तानुसार शर्त को अनिवार्य अर्हता में सम्मिलित करने का कष्ट करें।

(रघुराज राजेन्द्रन)
आयुक्त
म.प्र.राज्य रोजगार गारंटी परिषद
भोपाल

पृ.क्र./6598 /एनआरईजीएस–म.प्र./एनआर–2 /स्था/16 भोपाल दिनांक 22/07/16
प्रतिलिपि:–

1. निज सचिव, माननीय मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग।
2. कमिश्नर, संभाग .... (समस्त)।

आयुक्त
म.प्र.राज्य रोजगार गारंटी परिषद
भोपाल